सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 214 | इंदौर, मंगलवार 18 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

◆ मोहन सरकार की कैबिनेट बैठक आज

## टाउनशिप, एविएशन, ईवी समेत सात पॉलिसी पर लग सकती है मुहर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार दोपहर 3 बजे मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में टाउनशिप, एविएशन, ईवी, नवकरणीय ऊर्जा, एमएसएमई, हेल्थ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन समेत सात नीतियों और कई प्रस्ताव पर चर्चा होगी। भोपाल में पहली बार 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) होने जा रही है। इससे पहले सरकार निवेशकों और उद्यमियों को आकर्षित करने के लिए करीब 21 पॉलिसियों में बदलाव कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार टाउनशिप पॉलिसी पर कैबिनेट में विचार करेगी। नई टाउनशिप पॉलिसी ने उद्योग और आवासीय शहर को एक साथ रखा है। पांच लाख या उससे अधिक की आबादी वाले शहरों में टाउनशिप का क्षेत्रफल 20 हेक्टेयर से अधिक और 5 लाख से कम आबादी वाले शहरों में 10 हेक्टेयर से अधिक होगा। इस नीति का उद्देश्य एक ही स्थान पर आवासीय और औद्योगिक क्षेत्र का संयोजन करना है। 10 हेक्टेयर वाली टाउनशिप को ग्रीन बेल्ड जैसे प्रावधानों से छूट मिलेगी। इन टाउनशिप्स में प्रदूषण रहित औद्योगिक क्षेत्र के साथ आवासीय क्षेत्र भी होगा, जिससे लोग घर के पास काम करने में सक्षम होंगे।**

### निवेशकों के लिए सरकार का सहयोग

सरकार टाउनशिप तैयार करने वाले निवेशकों को विभिन्न प्रकार की छूट देने का प्रस्ताव कर रही है। इसके लिए जिला स्तर पर समितियां बनाई जाएंगी, जो लाइसेंस, तकनीकी और विभागीय समस्याओं का हल करेंगी। इसके अलावा, सरकार इन टाउनशिप्स के लिए सड़कें, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करेगी। इन सुविधाओं का खर्च सरकार कॉलोनाइजर से लेगी।

### ईडब्ल्यूएस और एलआईजी आवास का निर्माण अनिवार्य

इस नीति के तहत, टाउनशिप्स में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और निम्न आय वर्ग (एलआईजी) के आवास का निर्माण अनिवार्य होगा। नीति के अनुसार, 15% आवास ईडब्ल्यूएस और एलआईजी के लिए निर्धारित किए जाएंगे, और निवेशक इस दायरे को बढ़ा सकेंगे, लेकिन यह 15% से अधिक नहीं हो सकेगा। टाउनशिप्स में 10% भूमि ओपन स्पेस के रूप में छोड़नी होगी, जिसमें से 15% भाग को ग्रीनरी के लिए आरक्षित किया जाएगा। यह ग्रीन क्षेत्र टाउनशिप के ओपन स्पेस के हिस्से के रूप में होगा। इस नीति के तहत टाउनशिप्स के फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) को 2% तक बढ़ाया जाएगा, जबकि वर्तमान में यह शहरों में 1.25% है। इसके अलावा, एफएआर खरीदने का भी प्रावधान होगा।

### विमानन नीति- सरकार का रीजनल कनेक्टिविटी पर जोर

मध्य प्रदेश सरकार पहली बार विमानन नीति-2025 ला रही है, जिसका उद्देश्य प्रदेश में हवाई यात्रा को आसान बनाना और विमानन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना है। इस नीति के तहत, प्रदेश के हर 50 किमी पर हैलीपेड और 100 किमी पर एयरपोर्ट और 150 किमी पर कमर्शियल फ्लाइट सुविधा स्थापित करना है। रीवा में नए एयरपोर्ट की शुरुआत हो चुकी है। शिवपुरी में एयरपोर्ट के निर्माण के लिए अनुबंध हो चुका है। वहीं, नीमच, मंडला, शहडोल और छिंदवाड़ा में भी एयरपोर्ट निर्माण की योजना है। विमानन और उपकरण निर्माण में निवेश बढ़ाने के लिए राज्य सरकार छूट देगी। साथ ही, हैलीपेड का निर्माण तहसील स्तर पर किया जाएगा और फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल की स्थापना की जाएगी, जहां गरीब और आदिवासी बच्चों को कम फीस में उड़ान की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस नीति से प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

मप्र के भिंड में भीषण सड़क हादसा

# बेकाबू डंपर ने 18 लोगों को रौंदा
# 5 की मौत और 13 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भिंड, एजेंसी। मध्य प्रदेश के भिंड में मंगलवार की सुबह की शुरुआत एक दुखद हादसे के साथ हुई है। यहां बहन के घर शादी समारोह में शामिल होने आए एक परिवार को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद गुस्साए परिजन ने चक्का जाम कर दिया है।








असल में घटना भिंड के देहात थाना क्षेत्र के जवाहरपुरा की है, जहां भिंड कलेक्ट्रेट में तैनात कर्मचारी गिरीश नारायण अपने परिवार के साथ बहन के घर शादी समारोह में भात देने आए थे। सुबह उनके परिवार के कुछ लोग वापस अपने घर शहर के भिंड के भवानीपुरा लौटने की तैयारी में थे।

मृतक परिवार के मुखिया गिरीश ने बताया कि भात का कार्यक्रम कर कुछ लोग घर वापस जा रहे थे, जिसके लिए उन्हें सड़क पर लोडिंग वाहन रुकवा कर उसमें बैठाया जा रहा था। पीछे ही बाइक पर परिवार के तीन सदस्य भी खड़े थे। इसी बीच कहीं से एक तेज रफ्तार ट्रक वहां आया और गाड़ी को टक्कर मार दी। इस हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए।

भिंड कलेक्टर ने बताया है कि घायलों को तुरंत 108 एम्बुलेंस के जरिये भिंड जिला अस्पताल भेजा गया, जहां दो और लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस दुखद खबर से शादी की खुशियों में शामिल होने आए परिवार में मातम छा गया। 5 मौत और 13 लोगों के घायल होने के बाद इस मृतक परिवार और रिश्तेदारों ने गुस्से में चक्का जाम कर दिया है। इसकी जानकारी मिलते ही देहात थाना पुलिस भी दल-बल के साथ मौके पर मौजूद है और लोगों को समझा-बुझाकर सड़क से हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

## सड़क हादसे में तीन साल के बच्चे की मौत, माता पिता घायल, गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम

**रतलाम, एजेंसी। रतलाम के औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित डोंगरे नगर मार्ग पर सड़क हादसे में तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता घायल हो गए। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने नगर निगम के खिलाफ चक्काजाम कर दिया।**

धीरज शाह नगर निवासी मुकेश प्रजापत सोमवार रात करीब 9 बजे अपनी पत्नी शिवानी, बेटों भव्यांश (3) और लक्ष्य (6) तथा भतीजी दिव्यांशी (4) के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान, 15 फीट लंबा पाइप लेकर सामने से आ रही एक जेसीबी से उनकी बाइक टकरा गई। अंधेरा होने और पाइप पर कोई संकेतक न होने के कारण यह हादसा हुआ, जिसमें भव्यांश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मुकेश और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।



घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और एम्बुलेंस व पुलिस को सूचना दी, लेकिन आधे घंटे तक एम्बुलेंस नहीं पहुंची। इस बीच, एक आर्मी जवान ने अपनी कार से घायलों को सागोद रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुँचाया, जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

इस दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यदि सड़क पर स्ट्रीट लाइट और पाइप पर संकेतक होता, तो यह हादसा टल सकता था। सूचना मिलने पर औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी वीडी जोशी और सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर भीड़ को शांत कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जेसीबी को जब्त कर लिया है, जबकि चालक फरार हो गया है, जिसकी तलाश जारी है।

# इंदौर में ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की मध्यप्रदेश इकाई का सम्मेलन

## अगर हम जांच करेंगे तो हमारी नगर निगम कठघरे में खड़ी होगी

◆ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की मध्यप्रदेश इकाई का सम्मेलन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जयपुर से वर्चुअली जुड़े।**

इस दौरान विजयवर्गीय ने महापौरों से कहा कि- आप पारदर्शिता के साथ काम करें, यह हमारा बजट, यह हमारी आय है। आय के साधन बढ़ाएं पर लीकेज भी खत्म करें। अगर हम जांच करेंगे तो हमारी नगर निगम कठघरे में खड़ी होगी। इस पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के मेयरों ने कहा कि देश और प्रदेश में आपकी ही सरकार है। जांच कराने से किसने रोका है? मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मैं चाहता हूं सिटी गवर्नमेंट बने। सरकार इसमें संकोच करती है, पर मैं नहीं। यदि ऐसा कोई प्रस्ताव आप बनाएंगे तो मैं सीएम से पास कराने का प्रयास करूंगा।उन्होंने कहा कि आप अधिकारों की बात करते हैं, लेकिन आपको यह भी तय करना होगा कि हम आत्मनिर्भर बनें, हम आर्थिक रूप से सक्षम बनें। इसके लिए हमें क्या-क्या कदम उठाने होंगे, यह सोचना चाहिए। हम टैक्स नहीं बढ़ाते, महंगे पानी को सस्ता देते हैं। आरक्षण के कारण आपको फिर से मौका नहीं मिलेगा, तो क्यों डरते हो? टैक्स लगाइए, थोड़ा साहस दिखाइए। विजयवर्गीय ने कहा- 'एक समय था जब हम कर्मचारियों की सैलरी भी नहीं दे पाते थे। मैंने 5 साल में दो बार टैक्स बढ़ाए। आज मुझे गर्व है कि इंदौर का बजट सबसे ज्यादा है। यह सब 2000 से शुरू हुआ था और आज भी पुष्यमित्र भार्गव इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। विजयवर्गीय ने कहा कि यदि आपने बहुत अच्छा काम किया तो पूरा शहर आपको 25 साल तक याद करेगा। मेयर मतलब शहर का पिता होता है। आपको शहर की सेवा करने का अवसर मिला है।



### सीएम बोले- नगरीय निकाय अपने पैरों पर खड़े हों

सम्मेलन में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- आगामी परिसीमन का असर नगरीय निकाय पर असर पड़ेगा। लोकसभा-विधानसभा की सीटों की संख्या बढ़ेगी। इसलिए हमें लोगों के घर-घर तक पहुंचना होगा। सरकार के कामों को जनता तक पहुंचाने के लिए हरसंभव कोशिश भी नगरीय निकायों को करना चाहिए। मप्र के सभी नगर निगम में ट्रिपल इंजन सरकार है। नगरीय निकाय अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए। इस दिशा में नगर निगम इंदौर ने सोलर से पेयजल पहुंचाने का रास्ता खोजा है, वह प्रशंसनीय है। इसलिए सभी नगर निगम को ऐसे ही कदम बढ़ाना चाहिए। अपने कॉम्प्लेक्स, कॉलोनियों सहित अन्य माध्यमों से आय के साधन बढ़ाना होंगे।

### महापौरों ने किया योग-प्राणायाम

इससे पहले, सोमवार सुबह 7 बजे सभी महापौर ने इंदौर में योग-प्राणायाम के साथ दिन की शुरुआत की। सभी महापौर पंचकुइयां स्थित श्रीराम मंदिर रामघाट पर सूखे नाले में योगमित्र अभियान के तहत इकट्ठा हुए। सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल, संत रामगोपाल महाराज, एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ल, स्थानीय पार्षद संध्या यादव, पार्षद भारत रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में योग मित्र सम्मिलित हुए।



## एम्बुलेंस 108 में गूंजी किलकारी, मां-बच्चा दोनों स्वस्थ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सिमरोल के पास रविवार देर रात एक महिला को प्रसव पीड़ा हुई। इस पर परिजन उसे लेकर एम्बुलेंस 108 से हॉस्पिटल के लिए रवाना हुए। इस दौरान महिला की तकलीफ बढ़ने लगी तो परिजन की सहमति से एम्बुलेंस में ही डिलीवरी कराई गई। महिला ने एक बेटे को जन्म दिया गया। फिर दोनों को हॉस्पिटल ले जाया गया। मां-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। मामला रविवार-सोमवार की आधी रात 3 बजे का है। ग्राम मेंडल में रहने वाली संतोषी पति सिरन (19) को रात 3 बजे प्रसव पीड़ा हुई। इस पर परिजन ने एम्बुलेंस 108 को सूचना दी। इस पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और गर्भवती महिला को लेकर अस्पताल के लिए रवाना हुई। इस बीच आधे रास्ते में महिला को प्रसव पीड़ा बढ़ गई । एम्बुलेंस स्टाफ के मेडिकल टेक्नीशियन सूरजमल दांगी और पायलेट सुनील पटेल ने 108 कॉल सेंटर पर जानकारी दी। फिर परिजन की सहमति के बाद एम्बुलेंस में ही डिलीवरी करवाने का निर्णय लिया। महिला और बच्चे को सिमरोल प्राथमिक स्वास्थ केंद्र पहुंचाया। एम्बुलेंस स्टाफ की सूझ-बूझ से महिला की डिलीवरी एम्बुलेंस में हुई।

## जैन धर्मवलंबियों के तलाक से जुडे मामलों की याचिका निरस्त नहीं होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर हाईकोर्ट ने जैस परिवारों के तलाक से जुड़ी याचिकाएं निरस्त करने के फैमेली कोर्ट के फैसले पर रोक लगाई है। कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट एके सेठी को मामले में न्याय मित्र नियुक्त किया है। वे इस मामले में अलग-अलग बिंदुओं पर अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करेंगे और कोर्ट को अवगत कराएंगे। इसके बाद कोर्ट आगे की सुनवाई करेगी।**

अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी।अल्पसंख्यक होने के हवाला देते हुए फैमेली कोर्ट ने जैन समाज से जुड़े दंपत्तियों की तलाक से जुड़ी 27 याचिकाए निरस्त कर दी थी। कोर्ट का तर्क था कि जैन दंपत्तियों से जुड़े वैवाहिक मामलों का निराकरण हिंदू विवाह अधिनियम के तहत नहीं किया जा सकता, लेकिन अब फैमेली कोर्ट इस आधार पर फिलहाल कोई याचिका निरस्त नहीं कर सकेगा।

27 याचिकाएं निरस्त करने के बाद याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार ने दस साल पहले जैन समाज को अल्पसंख्यक घोषित किया है। उसके बाद से जैन परिवारों से जुड़े वैवाहिक मामलों का निराकरण हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हो रहा है, लेकिन अब फैमेली कोर्ट ने हिंदू विवाह अधिनियम में इस प्रकरणों का निराकरण नहीं होने के हवाला देकर याचिका निरस्त कर दी। हाईकोर्ट ने एक अधिवक्ता नियुक्त कर इस मामले में अध्ययन करने को कहा है। आपको बता दे कि वर्ष 2014 में जैन समाज को केंद्र सरकार ने अल्पसंख्यक घोषित किया था। पक्षकार की तरफ से पैरवी कर रहे एडवोकेट पंकज खंडेलवाल ने कोर्ट को बताया कि कुटुम्ब न्यायालय की पांच खंडपीठ में से चार जैन धर्मावलंबियों के मामलों की सुनवाई हिंदू विवाह अधिनियम के तहत कर रही हैं, जबकि एक खंडपीठ ने ऐसे मामलों की सुनवाई करने से इंकार करते हुए 28 अलग-अलग याचिकाएं निरस्त कर दी।

## 100 बच्चों के धर्म परिवर्तन का प्रयास

### पुलिस ने 4 लोगों को किया गिरफ्तार

◆ कार्यक्रम और चीजों के बहाने बच्चों को किया इकट्ठा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में पुलिस ने बड़ी साजिश में फंसने से बच्चों को बचाया है। प्रशासन की टीम ने 100 से ज्यादा बच्चों का रेस्क्यू किया है। इन बच्चों को अच्छी अच्छी चीजों का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए ले जाया जा रहा था। मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना धार कोठी इलाके के एक बगीचे में हुई। बच्चों को एक साथ जोड़कर एक प्रार्थना सभा में बुलाया गया। यहां उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए कहा जा रहा था।

16 फरवरी के रविवार के दिन संयोगितागंज पुलिस ने धार कोठी के 1 नंबर बगीचे में छापा मारा। यहां 100 से अधिक बच्चों को एक प्रार्थना सभा में लाया गया था। बच्चों को ऑटो रिक्शा और मैजिक वाहनों में भरकर लाया गया था। उन्हें रुपए देने से लेकर सामान और नए कपड़े का लालच दिया गया था। पुलिस ने बताया कि बच्चों को एक जागरूकता कार्यक्रम के लिए बुलाया गया था लेकिन असल में उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। एक स्थानीय निवासी को इसकी भनक लगी तो उन्होंने इस बात का विरोध किया। बिना देरी किए पुलिस को इस बारे में सूचना दी। पुलिस ने भी मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत कार्रवाई की और बच्चों का रेस्क्यू करा लिया गया। मामले में पुलिस ने चार लोगों को पकड़ा है। गिरफ्तार किए गए लोगों में शीला मुत्तु, अंशुमन पंजवानी, फ्रांसीना नेल्सन और प्रभा यादव शामिल हैं। इन चारों पर धर्मांतरण कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। संयोगितागंज पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बजरंग दल का प्रांतीय एकत्रीकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में 29 मार्च को बजरंग दल के मालवा प्रांत के 50 हजार कार्यकर्ताओं का एकत्रीकरण कार्यक्रम होगा। इसके पूर्व सभी जिलों में प्रखंड त्रिशूल दीक्षा के बड़े कार्यक्रम होंगे। बजरंग दल के प्रांत संयोजक नितिन पाटीदार ने बताया कि गांव- गांव संयोजक बनाओ अभियान चलाया जाएगा।**

### 29 मार्च को जुटेंगे 50 हजार कार्यकर्ता

प्रांत के सभी जिलों से आने वाले कार्यकर्ताओं का इंदौर की चारों दिशाओं में चयनित स्थानों पर एकत्रीकरण होगा। प्रत्येक स्थान पर दो-दो विभागों के कार्यकर्ता एकत्रित होकर सभास्थल चिमनबाग मैदान तक निर्धारित मार्गों से पंक्तिबद्ध होकर पहुंचेंगे। इंदौर में होने वाले इस कार्यक्रम में ग्राम संयोजक से लेकर राष्ट्रीय संयोजक तक उपस्थित रहेंगे। संतों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे एवं बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दोनेरिया भी रहेंगे। युवाओं को नागरिक कर्तव्यों के साथ राष्ट्रभक्ति, धर्म भक्ति के लिए प्रेरित करने और युवाओं में बजरंग दल के ध्येय वाक्य सेवा, सुरक्षा, संस्कार के प्रति जागरूकता लाना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। नशामुक्त युवा, सशक्त युवा, संस्कारवान युवा, समृद्ध भारत, सशक्त भारत का निर्माण ही बजरंग दल का ध्येय है। हिंदू युवाओं को बजरंग दल से जोड़ने का महाअभियान भी चलाया जाएगा।

# इंदौर रेलवे स्टेशन के रि-डेवलपमेंट का काम शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर रेलवे स्टेशन के रि-डेवलपमेंट का काम शुरू हो गया है। टेंडर लेने वाली कंपनी ने सोमवार से रेलवे स्टेशन पर सॉयल टेस्टिंग का काम शुरू कर दिया है। जियो टेक्निकल सर्वे के माध्यम से सॉयल टेस्टिंग का काम किया जा रहा है। रि-डेवलपमेंट की शुरुआत होने पर सबसे पहले पार्सल ऑफिस को पटेल ब्रिज के पास शिफ्ट किया जाएगा।**



बता दें कि इंदौर रेलवे स्टेशन का रि-डेवलपमेंट का कार्य 2028 तक पूरा करना है। इंदौर रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण की खास बात यह है कि, इसका डिजाइन एयरपोर्ट जैसा होगा और यहां स्काय वॉक और नई दिल्ली की तर्ज पर मेट्रो स्टेशन को जोड़ा जाएगा। साथ ही, पार्क रोड स्टेशन का विकास भी किया जाएगा। रतलाम रेल मंडल के रेलवे पीआरओ खेमराज मीणा ने बताया कि गुजरात की कंपनी को इस काम का ठेका मिला है। कंपनी ने अपने अस्थाई कंटेनर ऑफिस भी यहां पर लगा दिए हैं। किसी भी बड़े कंस्ट्रक्शन के पहले मिट्टी की गुणवत्ता का परीक्षण सबसे प्रमुख काम होता है। कंपनी ने यहां पर इसका काम शुरू किया है। इसके बाद कंपनी अपनी डिजाइन देगी। जब यह काम चलेगा तब इंदौर रेलवे स्टेशन पर केवल थ्रू लाइन रहेगी। यात्रियों को ट्रेनों में सवार होने के लिए अन्य स्टेशनों पर जाना होगा।

## एमबीए छात्रा से छेड़छाड़... दो साल से उसका आते-जाते कर रहा है पीछा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक वह आरोपी को स्कूल के समय से पहचानती है। करीब दो साल से उसका आते-जाते पीछा कर रहा है। उसे कई बार समझाया। लेकिन आरोपी उसका पीछा करना बंद नहीं कर रहा।**

पुलिस के मुताबिक डीएवीवी कैंपस भंवरकुआ से एमबीए की पढ़ाई कर रही छात्रा की शिकायत पर युवराज प्रजापति के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया गया है। छात्रा ने बताया कि दोनों निजी स्कूल में एक साथ पढ़ते थे। तब से वह युवराज को पहचानती है। उनके बीच में सामान्य बातचीत है। पिछले दो साल से युवराज परेशान कर रहा है। कहीं भी आने-जाने के दौरान पीछा करता है। बात करने का दबाव बनाता है। 28 जनवरी को मामा की बेटी के साथ एमआर 10 पर दवाई लेने गई थी। घर जाते समय युवराज कार नंबर एमपी43सीए1858 से आया और एक्टिवा के आगे कार लगा दी। युवराज ने कहा कि अगर बात नहीं करेगी तो कोई बुरा कांड कर देगा। बदनाम कर देगा। अपशब्द कहने लगा। डर के चलते वहीं से पिता को कॉल किया। जब पिता वहां पहुंचे तो युवराज भाग गया। पीड़िता परिवार के साथ प्रयागराज कुंभ चली गई। वहां से आने के बाद आरोपी द्वारा फिर से पीछा करने पर केस दर्ज कराया।

### दोनों लिव-इन में रहते थे

## युवती ने बीच सड़क पर युवक को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक युवती ने बीच सड़क पर युवक की पिटाई कर दी। इसका वीडियो सामने आया, जिसमें वह कभी युवक की कॉलर पकड़कर खींचते हुए तो कभी उसका गला दबाती दिख रही है। लोग बीच में आए तो युवती ने उन्हें भी हटा दिया। मामला मधुमिलन चौराहे पर सोमवार दोपहर का है।**



टीआई संजू कामले ने बताया कि पीड़िता और आरोपी मुकेश यादव पहले लिव-इन रिलेशनशिप में रह चुके हैं। जब मुकेश ने युवती से शादी नहीं की, तो उसने आजाद नगर थाने में युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया। इसके बाद आरोपी को एक महीने तक जेल में रहना पड़ा। सोमवार को मुकेश कोर्ट में पेशी पर आया था। उसे देख युवती ने गुस्से में आकर उसकी बीच सड़क पर पिटाई कर दी। आरोप लगाया कि युवक ने उसकी इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाई, जिसकी वजह से वह काफी परेशान है। सोमवार को मुकेश यादव कोर्ट में पेशी के लिए आया था। युवती ने उसे चौराहे पर देखा तो पकड़कर पीट दिया। उसका आरोप है कि मुकेश ने उसकी फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाई थी, जिससे उसे लगातार कॉल्स आ रहे थे और वह काफी परेशान हो चुकी थी। जब आरोपी युवक की पिटाई हो रही थी तो कुछ लोग उसे मनचला समझकर हस्तक्षेप करने आए। युवती ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि आरोपी ने पहले भी उसके साथ गलत किया था। इस पर लोग अलग हो गए। आखिरकार, ट्रैफिक पुलिसकर्मियों और मौके पर मौजूद स्टाफ ने युवती को आरोपी से अलग किया। दोनों को बाद में थाने ले जाया गया, जहां मामले की जांच जारी है।

## युवक-युवती को किया गिरफ्तार

### 60 ग्राम से ज्यादा एमडी ड्रग बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग के साथ एक युवक और युवती को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, और वे एक्टिवा में ड्रग छिपाकर ले जा रहे थे। क्राइम ब्रांच को पूर्व में पकड़े गए आरोपियों से इन दोनों की जानकारी मिली थी। क्राइम ब्रांच ने अनवर (पुत्र भूरेखान), निवासी चूड़ी बाखल देवास, और प्रीति (पत्नी सुनिल परमार), निवासी ग्राम श्यामपुर सिहोर को एरोड्रम इलाके के पास गिरफ्तार किया। दोनों ड्रग पेडलर हैं, जो स्टूडेंट्स और अन्य लोगों को नशा उपलब्ध कराने का काम करते हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों एअरपोर्ट इलाके से निकल रहे हैं, जिसके बाद घेराबंदी की गई और उन्हें दबोच लिया गया। जब उनकी एक्टिवा की डिक्की की तलाशी ली गई, तो उसमें लगभग 60 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई। आरोपियों ने पुलिस की घेराबंदी देख भागने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान उनकी एक्टिवा स्लीप हो गई और वे पकड़ लिए गए।

## बीटेक छात्रा से लूट के आरोपी को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। राजेन्द्र नगर में 5 दिन पहले बीटेक की छात्रा और एक छात्र से मोबाइल लूटने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान करण लड्डू तंवर निवासी राजेन्द्र नगर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी से अन्य चोरी की वारदातों का भी खुलासा हुआ है, और पुलिस ने चोरी किया गया सामान भी बरामद किया है। पुलिस टीम ने सिद्धी विनायक रेसीडेंसी में रहने वाली बीटेक छात्रा कोपल के साथ हुई लूट के मामले में आरोपी करण लड्डू को पकड़ा। कोपल ने बताया कि वह 10 फरवरी को कालेज से बस से होस्टल लौट रही थी, और सिटी बस स्टॉप से पैदल जाते हुए वाउ गर्ल्स होस्टल के पास सिल्वर रंग की मोपेड से एक नकाबपोश युवक ने उसका मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने आरोपी की गाड़ी का नंबर पता कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इसी दिन एक अन्य छात्र वैभव का मोबाइल भी लूटा गया था, जिसे पुलिस ने बरामद किया। आरोपी से पूछताछ में एक चोरी की वारदात का भी खुलासा हुआ है, और पुलिस ने चोरी किया गया ढाई लाख कीमत का सोना बरामद किया है। आरोपी ने अपने साथी का नाम भी बताया है, और पुलिस को इस बारे में और वारदातों के खुलने की उम्मीद है।

## वेलेंटाइन डे पर पत्नी से बात करने के लिए धमकाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। परदेशीपुरा पुलिस ने कार ड्रायवर की शिकायत पर युवक के खिलाफ धमकाने और पत्नी से बात कराने का दबाव बनाने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि राहुल की शिकायत पर पुलिस ने पिंटू पुत्र कमल सिंह चौहान निवासी जैतपुरा पर धमकाने के माले में केस दर्ज किया है।**

पिंटू ने सबसे पहले अपने मोबाइल नंबर से राहुल की पत्नी के मोबाइल पर कॉल किया। जब राहुल ने फोन रिसीव किया तो पिंटू ने धमकाते हुए कहा कि जिसका नंबर है उससे बात करा। इसके बाद अपशब्द कहने लगा। जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद से वह लगातार पत्नी के मोबाइल पर नंबर बदल-बदल कर कॉल करने लगा। राहुल परेशान होकर अपने गांव गया। यहां पर वॉट्सएऐप नंबर और अन्य प्रोफाइल के जरिए आरोपी के नजदीक के गांव में रहने वाले पिंटू के रूप में पहचान हुई। वहीं,राजेन्द्र नगर पुलिस ने भी एक दंपती को फोन और सोशल मीडिया पर धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार प्रियंका नाम की युवती इवेंट कंपनी में काम करती है। उनके मोबाइल, फेसबुक और वॉट्सऐप पर हरप्रीत सिंह और उसकी पत्नी जसप्रीत कौर द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है। प्रियंका ने बताया कि आरोपी उनके पति प्रदीप को भी धमकी दे रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

## स्पोटर्स टीचर पर छेड़छाड़ का आरोप हिन्दूवादी कार्यकर्ता पहुंचे थाने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के जीडीसी कॉलेज कॉलेज में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप प्रथम वर्ष की एक स्टूडेंट ने स्पोर्ट्स टीचर रामेंद्र सिंह परिवार पर लगाया है। इसके बाद उनसे पुलिस थाने में जाकर शिकायत की। पुलिस अधिकारी मामले की जांच कर रहे है।**

सोमवार सुबह हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचे और टीचर को पकड़ कर थाने ले गए। वहां पर प्रदर्शन भी किया। आरोप है कि टीचर ने स्टूडेंट के साथ कॉलेज परिसरमें ही बदसलूकी की। जूनी इंदौर थाने पर छात्रा के साथ उनके कुछ साथी भी पहुंचे थे। उनका कहना है कि टीचर ने स्टूडेंट की तरफ आपत्तिजनक इशारे किए थे और कई बार प्रशिक्षण के दौरान बदसलूकी करता है। जिस छात्रा ने आरोप लगाया है वह कराते की खिलाड़ी



है। पुलिस ने छात्रा के बयान लिए है। उधर संयोगितागंज थाने पर भी हिन्दूवादी संगठन की शिकायत पर दो महिला सहित चार लोगों के खिलाफ धर्मांतरण के मामले में केस दर्ज किया है। उनका कहना है कि क्षेत्र के एक बगीचे में पचास से ज्यादा बच्चों को एकत्र किया गया था। उनसे ईसाई महिलाएं प्रार्थना करवा रही थी। बच्चों के लिए महिलाएं कॉपी, पेंसिल व अन्य गिफ्ट भी लाई थी। बच्चों ने बताया कि उनकी स्कूल फीस व अन्य खर्चा भी गार्डन में एकत्र करने वाले लोग उठाते है। मौके पर पहुंचे हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता हंगामा करने लगे और चार लोगों को वे थाने ले लाए। उधर आयोजन से जुडे लोगों का कहना है कि धर्मांतरण के आरोप गलत है। बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था। जहां कई बच्चे अपने परिजनों के साथ पहुंचे थे। समाज की तरफ से इस तरह की गतिविधियां संचालित होती रहती है।

## कुबेरेश्वर धाम सीहोर में 25 फरवरी से होगी शिव महापुराण कथा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। कुबेरेश्वर धाम में 25 फरवरी से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात सुगम बनाए रखने के लिए मार्गों का डायवर्सन किया गया है। शिव महापुराण कथा 03 मार्च तक चलेगी। इस आयोजन में लाखों श्रद्धालु कुबेरेश्वर धाम पहुंचेंगे। शिवमहापुराण कथा में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं का मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से सड़क मार्ग द्वारा आवागमन होगा। इस दौरान यातायात सुगम बनाए रखने के लिए भोपाल से इंदौर और इंदौर से भोपाल आने जाने वाले वाहनो के मार्ग में 24 फरवरी को प्रातः 06 बजे से परिवर्तन किया गया है। भोपाल से इंदौर जाने वाले भारी वाहन भोपाल से श्यामपुर, ब्यावरा होते हुये इंदौर (तूमडा दोराहा जोड़ होते हुये) जा सकेंगें। इसी प्रकार इंदौर से भोपाल जाने वाले भारी वाहन देवास से ब्यावरा, श्यामपुर होते हुये भोपाल जा सकेंगे।

## प्रयाग से लौट रही ट्रेनी डॉक्टर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी**। छतरपुर में सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में ट्रेनी डॉक्टर की मौत हो गई, जबकि उनके परिवार के चार अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सागर-कानपुर-महोबा रोड पर महतो पेट्रोल पंप के पास हुआ। प्रयागराज से लौट रही कार के ड्राइवर को नींद की झपकी आने के कारण गाड़ी सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी को काटकर घायलों को बाहर निकालना पड़ा। जिला अस्पताल में पदस्थ ट्रेनी डॉक्टर सान्या (25), जो संदीप टिकरया की पुत्री थीं, की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल हुए अन्य लोगों में 13 वर्षीय आलोक (राहुल का पुत्र), 35 वर्षीय नेहा (राहुल की पत्नी), 20 वर्षीय सास्वत (संदीप का पुत्र) और 37 वर्षीय राहुल (कल्याण का पुत्र) शामिल हैं। सभी टिकरया मुहल्ला गल्ला मंडी के निवासी हैं।

## जमीनी विवाद में होटल संचालक की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना, एजेंसी**। सतना जिले के रामपुर बघेलान में जमीनी विवाद के चलते रविवार रात को शालीमार होटल संचालक की लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद से आरोपी फरार हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुछ संदेहियों को पकड़ा, जिनसे पूछताछ की जा रही है। केमार गांव निवासी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम उसके वह और उसके चाचा प्रदीप पिता रामकृपाल सिंह (50) खेत में गए थे। इस दौरान गांव के ही जितेंद्र तिवारी, विनोद तिवारी सहित उनके भाई और घर की महिलाओं ने उनपर लाठी, डंडे, हसिया और खुरपी से अचानक हमला कर दिया।

## खदान धंसी, पति-पत्नी की दबकर मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी**। शहडोल के बुढ़ार थाना इलाके में अवैध कोयला खदान धंस गई। इसमें दबकर पति-पत्नी की मौत हो गई। उनकी पहचान ओमकार यादव उर्फ भौतु (40) और उसकी पत्नी पार्वती यादव (36) के रूप में हुई है। हादसा रविवार शाम करीब 7 बजे धनगवां गांव में हुआ। खनन माफिया ने इसे छिपाने का प्रयास किया। जब ग्रामीणों ने हंगामा किया, तब मामला सामने आया। जानकारी मिलते ही कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और एसपी रामजी श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। देर रात जेसीबी की मदद से दोनों शवों को बाहर निकाला जा सका।

### मुख्यमंत्री, ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ़ मेयर्स की बैठक में वर्चुअली हुए शामिल

# स्थानीय निकाय अपने अधिकारों और शक्तियों से करें जन-कल्याण के कार्य : मुख्यमंत्री

◆ विकास के साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें स्थानीय निकाय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में स्थानीय निकायों को अधिकार संपन्न बनाया गया है। नगरीय निकाय और अन्य स्थानीय निकाय अपने अधिकारों और शक्तियों का उपयोग करते हुए जन-कल्याण के कार्य बेहतर रूप से कर रहे है। हाल ही मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान की सफलता इस बात का बेहतर उदाहरण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नगरीय निकाय राज्य सरकार की भावना को और अधिक मजबूती प्रदान करें। नगरीय निकाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने यह सब मिलकर प्रयास करें, आय के स्रोत बढ़ाएं। नगरीय निकाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगे तो विकास को और नई गति दी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय विकास प्राधिकरणों की तर्ज पर आवासीय योजनाएं भी बनाकर क्रियान्वित कर सकती हैं।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को ग्वालियर से इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स मध्यप्रदेश इकाई की बैठक को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। ग्वालियर मे उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगर निगमों ने विकास कार्यों के क्षेत्र में देश में अपनी विशिष्ट पहचान कायम की है। प्रदेश के शहरी क्षेत्र में तेज गति से समग्र विकास के कार्य किये जा रहे हैं। इंदौर नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इंदौर विगत 7 वर्षों से स्वच्छता के क्षेत्र में देश में लगातार अव्वल है। इस बार भी इंदौर स्वच्छता के क्षेत्र में अव्वल रहने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। इंदौर ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। नगरीय आवास एवं विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि संविधान के 73 एवं 74वें संशोधन के बाद सबसे ज्यादा अधिकार मध्यप्रदेश के स्थानीय निकायों को दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि स्थानीय शासन व्यवस्था और अधिक विकेंद्रीकृत हो। उनको ज्यादा से ज्यादा अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय आत्मनिर्भर बनने के प्रयास करें। करारोपण की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं, आय के नए साधन भी खोजें। इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित किये जा रहे हैं। इंदौर तेज गति से विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं सांसद श्री वी. डी. शर्मा भी वर्चुअली शामिल हुए। नगरीय आवास एवं विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ़ मेयर्स की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती माधुरी पटेल, इंदौर सांसद श्री शंकर लालवानी और राज्यसभा सदस्य सुश्री कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता, स्थानीय विधायक श्री रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक श्री जीतू जिराती, श्री सुमित मिश्रा तथा श्री श्रवण चावड़ा सहित जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## प्रोटोकॉल अधिकारी बनकर सीएम के मंच तक पहुंचा युवक, पुलिस ने हिरासत में लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी**। उज्जैन में एक युवक मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान मंच के पास तक पहुंच गया। उसे सीएम प्रोटोकॉल का अधिकारी बनकर मंच तक पहुंचते देखा तो पुलिस को शक हुआ। जिसके बाद उसे तुरंत पकड़ लिया गया।



तलाशी लेने पर युवक के पास से सीएम प्रोटोकॉल का आईडी कार्ड और एक वॉकी-टॉकी बरामद हुआ। पुलिस फिलहाल युवक से पूछताछ कर रही है। इस बात की जांच की जा रही है कि वह किस मकसद से कार्यक्रम में घुसा था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को उज्जैन में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। शाम को वे महाकाल मंदिर में रुद्रसागर पर बने सम्राट अशोक सेतु के लोकार्पण समारोह में पहुंचे थे। वहां बड़ी संख्या में लोग सीएम का संबोधन सुनने के लिए मौजूद थे। सुरक्षा में बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात था। इसी बीच, कोट पैंट पहने एक युवक को पुलिस अधिकारियों के बीच घूमते देख एडिशनल एसपी नितेश भार्गव को संदेह हुआ। युवक के गले में सीएम प्रोटोकॉल का आईडी कार्ड था और हाथ में वॉकी-टॉकी भी थी। जब पुलिस अधिकारियों ने उसे रोका और पूछताछ की, तो उसने खुद को सीएम सुरक्षा अधिकारी बताया। लेकिन जब पुलिस ने गहराई से जांच की, तो मामला संदिग्ध लगा। जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर महाकाल थाने भेज दिया गया। जब पुलिस ने युवक की तलाशी ली, तो उसके पास से 'मध्यप्रदेश शासन, मुख्यमंत्री कार्यालय, वल्लभ भवन भोपाल' का आईडी कार्ड बरामद हुआ, जिस पर नाम सिद्धार्थ जैन, पद प्रोटोकॉल ऑफिसर और आईडी नंबर 2908527 दर्ज था।

### प्रदेश में 5 वर्षों में मध्यम एवं कमजोर वर्ग के लिये बनेंगे 10 लाख आवास

**भोपाल**। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 में शहरी क्षेत्र में अगले 5 वर्षों में आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम आय वर्ग के हितग्राहियों के लिये 10 लाख आवासों का निर्माण किया जायेगा। इन आवासों के निर्माण में 50 हजार करोड़ रूपये का निवेश होगा। इस राशि में केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली अनुमानित अनुदान राशि 23 हजार 25 करोड़ रूपये प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गई है। योजना में पात्र हितग्राही परिवारों के लिये हर मौसम के अनुकूल आवासों के निर्माण के साथ समुचित अधोसंरचना जैसे- सड़क, जल प्रदाय, सीवेज, पार्क तथा सामाजिक अधोसंरचना के रूप में आंगनवाड़ी, प्राथमिक शाला और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विकसित किये जायेंगे।

# मप्र में होगा 9 राज्यों की 251 कन्याओं का विवाह

### बागेश्वर धाम में राष्ट्रपति नवविवाहित जोड़ों को देंगी आशीर्वाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी। छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम में होने वाले बुंदेलखंड महोत्सव में मप्र समेत 9 राज्यों की 251 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। महोत्सव 19 फरवरी से शुरू होगा। इसके अंतिम दिन महाशिवरात्रि (26) फरवरी को 108 आदिवासी, 143 सर्व समाज की दिव्यांग, अनाथ और गरीब परिवार की बेटियों के हाथ पीले किए जाएंगे।**

विवाह सम्मेलन में शामिल होने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी आएंगी। वह नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगी। सम्मेलन के लिए 9 राज्यों में बागेश्वर धाम के हजारों कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को पीले चावल देकर आमंत्रित कर रहे हैं। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि बेटियों के लिए शादी में डबल बेड, सोफा सेट, ड्रेसिंग, अलमारी, कुर्सी, टेबल, गैस-चूल्हा, सिलेंडर, मिक्सी, पायल-बिछिया तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन और चक्की दी जा रही है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि धर्मांतरण से बचाने के लिए वह आदिवासी समाज की बेटियों का विवाह करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जात-पात, ऊंच-नीच के नाम पर आए दिन खबरें आती हैं। कभी किसी दूल्हे को दबंग घोड़ी से उतार देते हैं तो कभी कुछ और... हमें यह सहन नहीं हुआ इसलिए हमने प्रण लिया कि देश में न कोई बड़ा छोटा नहीं है। सबको सम्मान मिलना चाहिए इसलिए वह ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 251 दूल्हे एक साथ घोड़ी पर सवार होंगे।



### पीएम मोदी, वीरेंद्र सहवाग भी आएंगे

छतरपुर के बागेश्वर धाम में आयोजित होने वाले बुंदेलखंड महोत्सव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग, रॉबिन उथप्पा, ग्रेट खली, पुनीत वशिष्ठ आदि शामिल होंगे। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है।

### 23 को आएंगे पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को बालाजी के कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखेंगे। उसी दिन शाम को कवि सम्मेलन होगा। 26 को राष्ट्रपति आएंगी : सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 फरवरी को आएंगी। वह नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगी।

## संपादकीय

# कमाई के मामले में भाजपा सबसे आगे

भारतीय जनता पार्टी यानी बीजेपी कमाई के मामले में सबसे आगे है। वित्त वर्ष 2023-24 में बीजेपी ने सबसे ज्यादा कमाई की। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी ने 4,340.47 करोड़ रुपये कमाए। यह रकम सभी राष्ट्रीय दलों की कुल कमाई का 74.57% है। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने 1,225.12 करोड़ रुपये कमाए। चुनावी बॉन्ड इनकम का बड़ा जरिया रहे। सुप्रीम कोर्ट ने इस योजना को असंवैधानिक और मनमाना बताकर रद्द कर दिया था। फिर भी, दलों ने चुनावी बॉन्ड के जरिए करोड़ों रुपये जुटाए। एडीआर की रिपोर्ट में राष्ट्रीय दलों की कमाई का हिसाब-किताब दिया गया है। इसमें बताया गया है कि बीजेपी ने 4,340.47 करोड़ रुपये की कमाई की। बीजेपी ने कमाई का सिर्फ 50.96% यानी 2,211.69 करोड़ रुपये ही खर्च किया। वहीं कांग्रेस की कमाई 1,225.12 करोड़ रुपये रही। कांग्रेस ने अपनी कमाई का 83.69% हिस्सा यानी 1,025.25 करोड़ रुपये खर्च कर दिया। रिपोर्ट में चुनावी बॉन्ड का भी जिक्र है। चुनावी बॉन्ड राष्ट्रीय दलों की कमाई का एक बड़ा हिस्सा हैं। बीजेपी को चुनावी बॉन्ड के जरिए 1,685.63 करोड़ रुपये मिले। कांग्रेस को 828.36 करोड़ रुपये और आम आदमी पार्टी को 10.15 करोड़ रुपये मिले। इन तीनों दलों ने चुनावी बॉन्ड के जरिए कुल 2,524.1361 करोड़ रुपये जुटाए। यह उनकी कुल कमाई का 43.36% है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल मई में चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमाना बताकर रद्द कर दिया था। एसबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में राजनीतिक दलों ने 4,507.56 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड भुनाए। इसमें से 2,524.1361 करोड़ रुपये राष्ट्रीय दलों के हिस्से आए। यह कुल रकम का 55.99% है। यह आंकड़े एडीआर द्वारा दायर आरटीआई आवेदन के जवाब में एसबीआई ने साझा किए थे। रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस ने चुनाव संबंधी कामों पर 619.67 करोड़ रुपये खर्च किए। प्रशासनिक और सामान्य खर्चों पर 340.702 करोड़ रुपये खर्च हुए। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने प्रशासनिक और सामान्य खर्चों पर 56.29 करोड़ रुपये और कर्मचारियों के खर्च पर 47.57 करोड़ रुपये खर्च किए। छह राष्ट्रीय दलों ने चंदा और अंशदान से कुल 2,669.87 करोड़ रुपये जुटाए। इनमें से सिर्फ कांग्रेस (58.56 करोड़ रुपये) और माकपा (11.32 करोड़ रुपये) ने कूपन बिक्री से कमाई की। कूपन बिक्री से कुल 69.88 करोड़ रुपये की आय हुई।



सद्गुण का संबंध नैतिकता का पालन करने से नहीं है। सभी जीवन व जीवों के प्रति समावेशी होना ही सबसे बड़ा सद्गुण है।

– जग्गी वासुदेव

## Health is Wealth

# क्या सुबह जल्दी उठने वाले लोग जीवन में ज्यादा सफल होते हैं?

### जानें क्या कहती है ये स्टडी

आपने अकसर घर के बड़े बुजुर्गों को छोटे बच्चों को सुबह जल्दी उठकर पढ़ने की सलाह देते हुए कई बार सुना होगा। जीवन में सफलता हासिल करने के लिए भी सुबह जल्दी उठने की सलाह दी जाती है। हो सकता है ऐसी ही एक सलाह आपको भी अपने बड़ों से मिलती रहती हो। लेकिन सदियों से चले आ रहे इस नियम को देखते हुए मन को एक सवाल का परेशान करना लाजमी है कि क्या वाकई सुबह जल्दी उठने का आपके लक्ष्य और सफलता से कोई रिश्ता हो सकता है? आइए जानते हैं-



### ◆ क्या कहती है स्टडी ?

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के एक अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने मार्च 2020 से लेकर मार्च 2022 के बीच किए जाने वाले करीब एक दर्जन सर्वेक्षणों से मिले आंकड़ों का विश्लेषण किया। इन सर्वेक्षणों में 49,218 लोग शामिल रहे। जिसके बाद ब्रिटिश मेडिकल जर्नल मेंटल हेल्थ में प्रकाशित एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, अपने दिन की शुरुआत जल्दी करने वाले लोगों ने बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के साथ एक अच्छे जीवन जीने की बात मानी। रिपोर्ट में मौजूद आंकड़ों के अनुसार ऐसे लोगों को लाइफ में अधिक संतुष्टि, खुशी और तनाव की कमी जैसे लक्षण देखे को मिले। उन्होंने यह भी बताया कि सुबह जल्दी अपने दिन की शुरुआत करने से उनके भीतर आत्म-मूल्य के बारे में ज्यादा समझ बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार व्यक्ति सबसे ज्यादा बुरा आधी रात के आसपास महसूस करता है। जबकि वीकेंड पर उनकी मेंटल हेल्थ और मूड अधिक परिवर्तनशील बने रहे। लेकिन पूरे सप्ताह अकेलापन बना रहा।

यूनिवर्सिटी कॉलेज में सांख्यिकी और महामारी विज्ञान के प्रमुख अनुसंधानकर्ता डॉ. फेइफी बू कहते हैं कि, 'हमारा अध्ययन बताता है कि लोगों के मानसिक स्वास्थ्य और खुशी में समय के साथ उतार-चढ़ाव देखा जा सकता है। लेकिन औसतन लोग सुबह जल्दी उठने पर अच्छा और देर रात को सबसे बुरा महसूस करते हैं।

### ◆ रिसर्च से जुड़ी सीमाएं

डॉ. बू का कहना है कि भले ही सुबह और बेहतर मूड, जीवन संतुष्टि और आत्म-मूल्य के बीच एक गहरा संबंध पाया गया हो, लेकिन इस शोध में स्पष्ट न होने वाले परिणाम भी हो सकते हैं। अधिकांश शोधों की तरह, निष्कर्षों को दोहराने की आवश्यकता है।

### ◆ क्या कहता है विश्व स्वास्थ्य संगठन ?

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, खुशहाल जीवन एक पॉजिटिव स्थिति है, जो सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय स्थितियों से निर्धारित होता है। जिसमें क्वालिटी ऑफ लाइफ, उसका अर्थ और मकसद शामिल होता है।

### ◆ जब मौका लगे कड़ी मेहनत करें

तो क्या रिसर्च में आए इन नतीजों का मतलब अपनी समस्याओं का सामना करना है? सुबह सबसे पहले अपना सबसे कठिन काम को करना है? या फिर शाम को अपनी समस्याओं का समाधान करने की जगह बिस्तर पर जाकर सुबह उन मुद्दों से निपटना है? हालांकि सभी शोध इस बात से सहमत नहीं हैं। बावजूद इसके ज्यादातर साक्ष्य समस्या के समाधान के लिए लेट मार्निंग का समय सबसे अच्छा मानते हैं। अध्ययन बताते हैं कि देर सुबह व्यक्ति का मूड अधिक स्थिर बना हुआ रहता है, जिससे वो ठंडे दिमाग और भावनात्मक प्रेशर महसूस किए बिना जरूरी समस्याओं को आसानी से सुलझा सकता है। इसके अलावा शरीर में तनाव बढ़ाने वाला कोर्टिसोल हार्मोन भी दोपहर के समय कम हो जाता है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि जो लोग देर रात तक जागकर अपनी अधिकांश गतिविधियों, कार्यों और समस्याओं का समाधान खोजते हैं, उन्हें अपनी लाइफ को चेंज करने की जरूरत नहीं है।

## New Delhi

# बैंक डूबे तो जमा पर ₹5 लाख से अधिक बीमा कवर मिलेगा! वर्तमान सीमा बढ़ाने पर विचार कर रही सरकार

**नई दिल्ली, (एजेंसी) बैंकों के दिवालिया होने पर अब ग्राहकों को पांच लाख रुपये से ज्यादा की रकम मिल सकती है। इस बारे में केंद्र सरकार विचार कर रही है। इससे बैंक डूबने की स्थिति में ग्राहकों के जमा को सुरक्षा मिल सकेगी। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने सोमवार को कहा, जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) के तहत अभी प्रति बैंक प्रति जमाकर्ता को पांच लाख रुपये मिलते हैं।**

नागराजू ने मुंबई में एक कार्यक्रम में कहा, जब भी सरकार मंजूरी देगी, इसे अधिसूचित किया जाएगा। यह



सरकार के पास विचाराधीन है। पंजाब एंड महाराष्ट्र (पीएमसी) बैंक घोटाले के बाद 2020 में बीमा कवर की सीमा को सरकार ने एक लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया था। हाल में मुंबई के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में घोटाला हुआ था। इसके 1.3 लाख जमाकर्ताओं में से 90 फीसदी की पूरी रकम बीमा के तहत कवर है। डीआईसीजीसी आरबीआई की सहायक कंपनी है जो जमा पर बीमित रकम का देखरेख करती है। इसके तहत बचत खाते, फिक्स्ड, चालू खाते व आवर्ती जमा को कवर किया जाता है। डीआईसीजीसी को बीमा कवरेज के लिए बैंकों से प्रीमियम प्राप्त होता है। इसमें भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं सहित सभी वाणिज्यिक बैंक शामिल हैं।

## Uttarpradesh

# महाकुंभ जाने के लिए मची होड़... कानपुर, सतना और गया के रेलवे स्टेशनों पर भीड़ ही भीड़!



**कानपुर, (एजेंसी)** प्रयागराज महाकुंभ में हर दिन आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है. जिसके चलते यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. यही वजह है कि प्रयागराज पहुंचने वाली हर ट्रेन में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है. आलम यह है कि कानपुर, सतना, गया और दीन दयाल उपाध्याय जैसे रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ ही भीड़ दिख रही है.

कानपुर सेंट्रल पर कुंभ स्पेशल ट्रेन से भेजे गए यात्रियों से पूरा रेलवे स्टेशन खचाखच भरा हुआ है. यात्रियों को आगे जाने में परेशानी हो रही है. रेलवे स्टेशन पर घूम-घूम कर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा यात्रियों को माइक्रोफोन के जरिए जानकारी दी जा रही है.

मध्य प्रदेश के सतना और रीवा स्टेशनों पर भी महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की भीड़ देखी जा रही है. यहां से चलने वाली रीवा-आनंद विहार ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों में होड़ मची दिखी. इसके अलावा यहां से प्रयागराज होकर गुजरने वाली कई अन्य ट्रेनों में भी यात्रियों की भीड़ देखने को मिली. वहीं, भीड़ के चलते कुंभ जाने वाली एक महिला बेहोश भी हो गई.

बिहार से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज संगम पहुंच रहे हैं. जिसके चलते बिहार के गया सहित अन्य रेलवे स्टेशनों पर बड़ी संख्या में यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है. हालांकि, स्टेशनों पर भगदड़ आदि जैसी घटनाएं न होने पाए इसको लेकर प्रशासन अलर्ट है.

## Punjab

### फरीदकोट में बड़ा हादसा

# ट्रक की टक्कर से सेमनाले में गिरी बस, पांच लोगों की मौत, 40 से ज्यादा घायल

**फरीदकोट (पंजाब), (एजेंसी)** फरीदकोट में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। एक ट्रक के साथ टक्कर के बाद न्यू दीप कंपनी की बस रेलिंग तोड़ कर सेमनाले में गिर गई। इस हादसे में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। वहीं हादसे में 40 से भी ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए फरीदकोट के गुरू गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही डिप्टी कमिश्नर विनीत कुमार समेत प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव का कार्य शुरू किया।



## Karnataka

# HR फर्म चलाता था मैकेनिकल इंजीनियर 3 करोड़ के कर्ज में डूबा... मां-पत्नी और बेटे की जान लेकर फंदे से लटका

**मैसूर, (एजेंसी)** कर्नाटक में मैसूर (Mysuru) के विश्वेश्वरैया नगर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां पर एक अपार्टमेंट में परिवार के चार सदस्य मृत अवस्था में पाए गए. मिली जानकारी के मुताबिक, यह एक सुसाइड केस है. घर के अंदर चेतन (45) फांसी के फंदे पर लटके मिले. वहीं, चेतन की मां प्रियंवदा (62), चेतन की पत्नी रूपाली (43) और चेतन का बेटा कुशल (15) भी मृत पाए गए. पुलिस को शक है कि चेतन ने आत्महत्या करने से पहले अपने परिवार के सदस्यों को जहर दिया था. अभी मामले के पीछे की सही वजह सामने नहीं आई है. TOI की रिपोर्ट के मुताबिक, चेतन एक मैकेनिकल इंजीनियर था, जो HR



कंसल्टेंसी फर्म चला रहा था. पुलिस ने बताया कि जीएम चेतन (45) भारी कर्ज में डूबा हुआ था, क्योंकि उसने निजी साहूकारों सहित कई वित्तीय संस्थानों से करीब 3 करोड़ रुपये उधार लिए थे. चेतन का परिवार विश्वेश्वरनगर में एक फ्लैट में रह रहा था और उसकी मां उसी मंजिल पर अगले फ्लैट में अकेली रहती थी.

## खेल

# कोहली बन सकते हैं चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज, सभी को छोड़ेंगे पीछे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पास चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने का सुनहरा मौका है। इस आईसीसी टूर्नामेंट की शुरुआत 19 फरवरी से हो रही है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। भारतीय टीम को इस टूर्नामेंट में कोहली से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिनका आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर रिकॉर्ड है।

**पाकिस्तान-दुबई में होंगे मैच** - इस आईसीसी टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान और दुबई में होगा। भारत ने टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद आईसीसी ने भारत के मैच दुबई में कराने का फैसला किया था। भारत इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा।



भारत इस टूर्नामेंट के लिए ग्रुप ए में शामिल है जिसमें गत चैंपियन पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश भी मौजूद है। पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 2009 से 2017 तक प्रत्येक चार साल में किया गया, लेकिन इसके बाद कोविड और इसकी प्रासंगिकता को लेकर उठ रहे सवालों के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1998 हुई थी और इसका आयोजन तब प्रत्येक दो साल में किया जाता था।

### गेल का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं कोहली

चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल के नाम है। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 17 मैचों में 52.73 के औसत और 88.77 के स्ट्राइक रेट से 791 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक और एक अर्धशतक शामिल है। कोहली गेल के इस रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। इस भारतीय बल्लेबाज ने चैंपियंस ट्रॉफी में 13 मैचों में 88.16 के औसत और 92.32 के स्ट्राइक रेट से 529 रन बनाए हैं जिसमें पांच अर्धशतक शामिल हैं। कोहली का इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च निजी स्कोर नाबाद 96 रन है जो उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 2017 में बनाया था। उन्होंने पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्रमशः नाबाद 81 और नाबाद 76 रनों की पारी भी खेली है। कोहली गेल को पीछे छोड़ने से 263 रन दूर हैं। अगर कोहली इतने रन बना लेते हैं तो वह चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे।

## सिनेमा

# विक्की कौशल ने छावा की सफलता पर बाबुलनाथ मंदिर में टेका माथा, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर मचाई धूम

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल अपनी हाल में रिलीज हुई फिल्म छावा के लिए तारीफें बटोर रहे हैं। फिल्म ने पहले ही हफ्ते में जबरदस्त कमाई कर मेकर्स को खुश कर दिया है। फिल्म को मिल रहे रिएक्शन से खुश हो कर विक्की कौशल भगवान के दरबार जा पहुंचे। एक्टर ने सोमवार को मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर में भगवान शिव के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। एक्टर ने पारंपरिक मस्टर्ड कुर्ता और क्रीम पायजामा पहने भगवान की पूजा-अर्चना की और विशेष अनुष्ठान किए। इसके बाद उन्होंने अपने फैंस से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। मराठा वीरता और शौर्यगाथा पर आधारित फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई के साथ अपनी शुरुआत की है। छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर बनी इस ऐतिहासिक फिल्म ने पहले ही वीकेंड में 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली, जिससे यह साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में शामिल हो गई। लक्ष्मण उतेकर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में विक्की कौशल के साथ अक्षय खन्ना, रश्मिका मंदाना और दिव्या दत्ता भी अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं। विक्की कौशल ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाना उनके करियर का सबसे कठिन किरदार था। उन्होंने कहा, 'ऐतिहासिक किरदार निभाने के लिए बहुत अनुशासन चाहिए होता है, और अनुशासन कठिन होता है। यह केवल एक महीने की मेहनत नहीं होती, बल्कि डेढ़ से दो साल का संकल्प होता है।'



## Highlights

1. Sisodia took away ACs, TV from Delhi assembly office: BJP's Negi
2. Who all are invited to Delhi CM swearing-in ceremony?
3. High levels of microbes from human, animal excreta found in river water at Maha Kumbh: Report
4. Hasty move to circumvent SC scrutiny: Congress on CEC appointment
5. Groom returns dowry of ₹5 lakh in Rajasthan

# Tesla starts hiring in India, signaling entry plans after Elon Musk-PM Modi meet: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Billionaire Elon Musk's Electric Vehicle (EV) giant Tesla Inc. is hiring in India; a sure sign that it plans to enter the market, according to a Bloomberg report.

This comes after Prime Minister Narendra Modi met Musk in the US as well, along with President Donald Trump last week.

As of now, Tesla has sought candidates for 13 roles, which includes customer-facing and back-end jobs, according to the report.

At least five of the positions, including that of service technician as well as various advisory roles were available in both Mumbai and Delhi, while the rest of the openings like that of customer engagement manager and delivery operations specialist, were



for Mumbai, the report read.

The EV maker had generally stayed away from India so far due to concerns of high import duties, despite having engaged on-and-off for years. However, India has now reduced basic customs duty on high-end cars priced above $40,000 from 110% to 70%. India's EV market is still in its nascent stages compared to that of China for instance. Indians bought 100,000 electric cars last year while the Chinese bought 11 million, according to the report. However, India can still be a potential avenue for Tesla to deal with its slowing sales, which dropped for the first time annually since more than a decade. All of this showcases the blurring lines between Musk's business and political interests. For instance, Italy had confirmed talks with Musk’s SpaceX for a deal to provide secure satellite-based telecommunications for the country's government.

# TCS faces visa fraud allegations amid Trump-era scrutiny: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Mumbai-based Tata Consultancy Services (TCS), India’s largest IT outsourcing firm, is reportedly facing allegations of visa fraud, with whistleblowers claiming the company misused special work visas to sidestep US labour laws. The allegations, detailed in lawsuits and a Bloomberg News investigation, suggest that TCS improperly used L-1A manager visas to bring frontline workers to the US while labelling them as managers.




HT.com couldn't independently verify the authenticity of the claims.

Organisational chart manipulated?

In 2017, when the Donald Trump administration intensified its focus on employment visas, Anil Kini, a former IT manager for TCS in Denver, alleges company executives instructed him to falsify internal organisational charts, Bloomberg reported. The purported aim was to misrepresent frontline employees as managers, aligning with visa applications to evade federal scrutiny.

Anil Kini, along with two other former TCS employees, filed lawsuits under the federal False Claims Act, accusing the company of exploiting the L-1A visa system, the report said. These visas, intended for managerial transfers, are less regulated than H-1B skilled-worker visas, which have stricter wage and educational requirements. Anil Kini's lawsuit was dismissed earlier this year, but he has appealed the decision, it added.

# शराब दुकानों से 1500 करोड़ रुपए कमाएगी सरकार

## नई नीति के तहत खुलने वाले कैफे की संख्या बढ़ेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में मंजूर की गई नई आबकारी नीति के तहत आगामी वित्त वर्ष के लिए देसी और विदेशी शराब दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। वर्तमान ठेकेदारों को 20 प्रतिशत अधिक राजस्व देने पर नवीनीकरण का लाभ मिलेगा, जिससे वे आगामी वर्ष के लिए भी अपनी दुकानों का संचालन कर सकेंगे। यदि नवीनीकरण की प्रक्रिया के बावजूद सभी दुकानों की नीलामी नहीं होती या निर्धारित 80 प्रतिशत राजस्व वृद्धि नहीं मिलती, तो इन दुकानों को ई-टेंडर के माध्यम से बेचा जाएगा। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के अनुसार, नई नीति के तहत नवीनीकरण के आवेदन आज से स्वीकार किए जाएंगे और इन्हें जमा करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी को शाम 6 बजे तक निर्धारित की गई है। प्राप्त आवेदनों पर 27 फरवरी तक कार्रवाई पूरी की जाएगी।



नवीनीकरण के बाद जो दुकानें बचेंगी, उन्हें ई-टेंडर के माध्यम से 4 मार्च से नीलामी प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। इंदौर जिले में कुल 173 देसी और विदेशी शराब की दुकानें हैं, जिनका इस बार आरक्षित मूल्य लगभग 1800 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा, क्योंकि पिछले वर्ष सरकार को 1509 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। नई आबकारी नीति के अंतर्गत बियर, वाइन और रेडी-टू-ड्रिंक के लिए विशेष कैफे खोलने की अनुमति दी जाएगी। प्रदेश के 17 पवित्र शहरों सहित 19 स्थानों पर आगामी वित्त वर्ष से शराब पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिससे सरकार को 400 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान होगा, जिसकी भरपाई इंदौर जैसे बड़े जिलों से की जाएगी। इस प्रतिबंध के कारण कुल 47 शराब की दुकानें बंद हो रही हैं। इंदौर जिले में कुल 173 देसी और विदेशी शराब की दुकानें हैं, जिनका इस बार आरक्षित मूल्य लगभग 1800 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा, क्योंकि पिछले वर्ष सरकार को 1509 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। नई आबकारी नीति के अंतर्गत बियर, वाइन और रेडी-टू-ड्रिंक के लिए विशेष कैफे खोलने की अनुमति दी जाएगी। प्रदेश के 17 पवित्र शहरों सहित 19 स्थानों पर आगामी वित्त वर्ष से शराब पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिससे सरकार को 400 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान होगा, जिसकी भरपाई इंदौर जैसे बड़े जिलों से की जाएगी। इस प्रतिबंध के कारण कुल 47 शराब की दुकानें बंद हो रही हैं। वर्तमान में प्रदेश में 470 बियर बारों को लाइसेंस प्राप्त हैं, लेकिन नई नीति के तहत खुलने वाले कैफे की संख्या बढ़ेगी। इन कैफे में 10 प्रतिशत से अधिक वी/वी अल्कोहल नहीं होगा और इनमें हार्ड लीकर जैसे व्हिस्की आदि परोसने और रखने की अनुमति नहीं होगी। ये लो-एल्कोहॉलिक बेवरेज बार के रूप में संचालित किए जाएंगे। इससे पहले जब प्रदेश में शराब दुकानों के साथ अहाते खोले गए थे, तो कई बियर बार बंद कर दिए गए थे, जहां केवल बियर और लो-एल्कोहॉलिक बेवरेज की बिक्री की अनुमति थी। प्रदेश सरकार को पंजीयन विभाग के बाद सबसे अधिक राजस्व आबकारी विभाग से प्राप्त होता है। इस वर्ष सरकार को 15,000 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व की उम्मीद है। इसी के तहत सोमवाक से प्रदेशभर के 3600 शराब दुकानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसमें इंदौर सहित अन्य प्रमुख शहर शामिल हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक